## डीजीपी रात एक बजे औबेदुल्लागंज, ढाई बजे बिलखिरिया और चार बजे टीटी नगर थाने पहुंचे

# वरिष्ठ अधिकारियों ने रातभर में किया 125 थानों का औचक निरीक्षण

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा हाल ही में पुलिस मुख्यालय में बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को रात्रि भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया था। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात डीजीपी से लेकर एसपी तक के समस्त पुलिस अधिकारियों ने संपूर्ण मध्य प्रदेश के थानों का एक साथ औचक निरीक्षण किया।**

इस दौरान बीती रात पूरे प्रदेश में आईजी से लेकर एसपी तक के समस्त पुलिस अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र के सवा सौ से अधिक थानों का औचक निरीक्षण किया। डीजीपी रात एक बजे औबेदुल्लागंज, ढाई बजे बिलखिरिया और प्रात: चार बजे टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। टीटी नगर थाने में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक भी ली। डीजीपी सुधीर सक्सेना ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात औबेदुल्लागंज, बिलखिरिया और भोपाल के टीटी नगर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहनता से अवलोकन कर बड़ी संख्या में खड़े वाहनों को देखकर विधिसम्मत निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थानों में लॉकअप, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया और मालखाने में अनावश्यक रूप से पड़े सामान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीजीपी ने वारंट रजिस्टर का अवलोकन कर समन तथा वारंटों की तामीली की समीक्षा की एवं तामीली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने औबेदुल्लागंज और बिलखिरिया थाने के विभिन्न ग्रामों की विलेज क्राइम नोटबुक का अवलोकन किया तथा ग्रामीण अंचलों की आपराधिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।



### डीजीपी ने स्वयं कम्प्यूटर का संचालन कर आईसीजेएस की समीक्षा की

डीजीपी ने रात एक बजे औबेदुल्लागंज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने औबेदुल्लागंज थाने में समन वारंट की तामीली की समीक्षा की और वारंट रजिस्टर के उचित संधारण के निर्देश दिए। इस संबंध में थाने की कार्यप्रणाली पर अप्रसन्नता व्यक्त की। यहां डीजीपी सक्सेना ने स्वयं कम्प्यूटर का संचालन कर आईसीजेएस की समीक्षा की। यहां उन्होंने मालखाने का भी अवलोकन किया। उन्होंने थानों की केस डायरी की समीक्षा की एवं एसडीओपी द्वारा विवेचना किए जा रहे प्रकरणों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए।

### नवीन तकनीकों के प्रयोग पर जोर

बिलखिरिया में जब्त वाहनों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना भवन के जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। सीसीटीएनएस पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर उन्होंने अपराधों के निराकरण के लिए नवीन तकनीकों का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों के परिचालन तथा पेंडिंग अपराधों की भी समीक्षा की। डीजीपी ने बिलखिरिया थाना क्षेत्र में बीट प्रणाली की समीक्षा की तथा पूर्व में पुलिस मुख्यालय द्वारा आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक को बीट प्रभारी बनाने के निर्देशों की तामीली की जानकारी प्राप्त की एवं बीट सिस्टम को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। डीजीपी श्री सक्सेना प्रात: चार बजे भोपाल के टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान श्री सक्सेना ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक ली और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस की बल की कमी की समीक्षा की और उपलब्ध बल के प्रभावी उपयोग के संबंध में निर्देश दिए। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा प्रमोशन के संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन के लिए डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर, डिप्टी पुलिस कमिश्नर से कहा कि शीघ्र प्रमोशन संबंधी कार्यवाही की जाए ताकि इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर/ कर्मचारियों की पूर्ति हो सके। इस दौरान कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्तों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा प्रदेश के सभी आईजी/ डीआईजी/ एसपी एवं भोपाल तथा इंदौर के पुलिस आयुक्त/उपायुक्त को रात को भी अपने-अपने क्षेत्र के थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, जिसमें आईजी/डीआईजी को उनके मुख्यालय के बाहर के जिलों के थानों तथा एसपी को जिला मुख्यालय के बाहर के थानों के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपराधों की समीक्षा, थानों का रिकॉर्ड का संधारण तथा समन वारंट तामीली की समीक्षा की गई। निर्देशों के पालन में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात प्रदेश के सभी जिलों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सवा सौ से अधिक थानों का औचक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

# सभी मोर्चा समाज को जोड़कर पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें : शिवप्रकाश

## डबल इंजन सरकार की योजनाओं को मोर्चा पदाधिकारी जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ. यादव

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा के सभी मोर्चा पदाधिकारी पार्टी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाज को जोड़ने का कार्य करें। मोर्चा अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी इसके लिए आगामी दिनों की पूरी कार्ययोजना बनाकर जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी की सहभागिता निर्धारित कर काम में जुट जाएं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं का लाभ आम जन को दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश विधानसभा में सभी मोर्चा विकसित भारत एंबेसडर बनाने के लिए अभियान चलाकर नए लोगों को जोड़ें। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत में सभी मोर्चों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का ही परिणाम है, जिससे हमें इतनी बड़ी सफलता मिली। इसी तरह का प्रयास हमें आने वाले लोकसभा चुनाव में भी करना है। सभी मोर्चा नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएं और नमो मित्र, नमो वॉरियर्स बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करें। यह बात भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पार्टी के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कही। सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने किया। बैठक में भाजपा के सभी सातों मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि सभी मोर्चा पदाधिकारी समाज के लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का कार्य करें। समाज के बीच जाएं युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ लोगों से संपर्क कर उन्हें भाजपा और भाजपा की सरकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दें। हर व्यक्ति से संपर्क का एक सिस्टम बनाएं। अपने-अपने समाज और जाति वर्ग से जुड़ने के लिए मोर्चा निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से करें।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार गरीब कल्याण की कई योजनाएं चला रही है। भाजपा की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं और पात्रों को इसका लाभ दिलाने का कार्य करें। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उनका प्रचार-प्रसार का कार्य भी मोर्चा पदाधिकारी करें। अभी प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, उसमें सहभागिता कर योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाने का कार्य करें। सरकारी आयोजनों में जनता की सहभागिता और बढ़ाएं, ताकि भाजपा सरकार और बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सके। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में जो सीटें भाजपा हारी है, वहां और सक्रियता बढ़ाएं और डबल इंजन सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर लोकसभा में भाजपा की प्रचंड जीत हो ऐसे प्रयास करें।

### सभी मोर्चा अभी से अभियान में जुटें : शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में सभी मोर्चा ने अथक मेहनत, कुशल रणनीति से प्रयास किया उसी का परिणाम है कि भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिला। चुनाव से पहले युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक मोर्चा ने जो अलग-अलग अभियान चलाकर जनता के बीच कार्य किया उसका पार्टी को बहुत फायदा मिला।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है, इसके लिए अभियान चलाएं। युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए जाएं। युवा मोर्चा इस कार्य को करे और सभी मोर्चा उसमें सहभागिता करें।

### अपने गांव के मंदिर को अयोध्या धाम बनाएं-हितानंद

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चा नमो एप और नमो वॉरियर्स बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला विराजमान होने वाले हैं। हर व्यक्ति 22 जनवरी को अयोध्या नहीं पहुंच सकता, इसलिए अपने गांव के मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाएं और वहां पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन करें। 22 जनवरी की शाम को हर घर के बाहर 11 दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाएं।

# इमरती देवी ने लोकसभा चुनाव लड़ने की ठोंकी दावेदारी

भोपाल (काप्र)।

**तीन राज्यों में प्रचंड जीत के बाद भाजपा अब लोकसभा चुनाव 2024 तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए पार्टी कमर कस रही है। इसी कड़ी में प्रदेश में सरकार बनने के बाद बीजेपी के तमाम नेता ने लोकसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी शुरू कर दी है।**

इधर, ग्वालियर के डबरा से लगातार दो चुनाव हारने के बाद पूर्व मंत्री इमरती देवी ने लोकसभा चुनाव लडने् की दावेदारी ठोंकी है। दरअसल, राजधानी में बीते दो दिन से बीजेपी में बैठकों का दौर जारी है। इसी बीच आज संगठन ने पूर्व मंत्रियों और विधानसभा चुनाव में हारे हुए प्रत्याशियों की बैठक बुलाई थी। जिसमें इमरती देवी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में लोकसभा चुनाव लडने् की इच्छा जाहिर की है। इमरती देवी ने कहा कि सबकी चुनाव लडने् की इच्छा होती है। पार्टी जहां से चुनाव लडने् का बोलेगी वहां से लोकसभा चुनाव लडूंगी। मेरी किस्मत खराब थी, इसलिए डबरा से चुनाव हारी। डबरा में भाजपा का वोट परसेंट बढ़ा है। बता दें कि एमपी में विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा उत्साहित है और पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने राज्य की सभी 29 सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया है। पार्टी ने राज्य सरकार के मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी की है तो वहीं लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य तय किया गया है।

# स्थापना दिवस पर कांग्रेसजनों को दिलाई पार्टी की रीति-नीति और सिद्धांतों की प्रतिज्ञा

**भोपाल (काप्र)। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में आज कांग्रेस पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवादल का स्थापना दिवस ''दल दिवस'' के रूप में मनाया गया।**

मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों में स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन, शिवाजी नगर भोपाल में सेवादल के तत्वाधान में स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव सिंह ने कांग्रेसजनों को इस अवसर पर कांग्रेस की रीति-नीति, विचारों और सिद्धांतों के अनुरूप पार्टी की सेवा करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा परिणाम से हमें निराश नहीं होना है, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटकर हर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दृढ़संकल्पित होकर बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि देश के हालत बद से बद्तर हो रहे हैं, हर कांग्रेस के सिपाही का कर्तव्य है कि देश की रक्षा हेतु संघर्ष कर जनहित की लड़ाई हम सभी को मिलकर लड़ना है। सेवादल के प्रदेश मुख्य संगठक योगेश यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी बलिदानियों की पार्टी है, जिन्होंने देश की सेवा के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दी है।



# भ्रष्टाचार के पहियों पर दौड़ती मौतः जीतू पटवारी

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि गुना में अवैध बस में 13 यात्रियों की जलकर दर्दनाक मौत हुई और 15 घायल यात्रियों का जीवन खतरे में है। ऐसा प्रतीत होता है कि गुना में समूची व्यवस्था भ्रष्टाचार की अग्नि में जलकर स्वाहा हो गई। श्री पटवारी ने कहा कि अपनी चलने की 15 वर्ष की समयावधि समाप्त होने के बाद भी बस क्रमांक एमपी 08-पी-0199 भ्रष्टाचार के पहियों पर मौत बनकर बेधड़क दौड़ रही थी। बस का न रजिस्ट्रेशन था न बीमा। उसका बीमा भी 30 अप्रैल 2021 के बाद समाप्त हो गया था, उसका फिटनेस भी 17 फरवरी 2022 तक ही वैध था, 18 सालों से जो भाजपाई सत्ता ईमानदारी के हर पैमाने पर अनफिट हो उससे और उम्मीद भी क्या की जा सकती है। बस के टैक्स की वैधता भी जुलाई 2022 में खत्म हो चुकी थी। अब जब रिश्वत का मोटा टैक्स साहब के खाते में जाता हो तो स्वाभाविक हैं कि अवैध बसों का परिवहन होगा ही। श्री पटवारी ने कहा कि गुना का यह बस हादसा नहीं हैं, यह 13 लोगों की संस्थागत हत्या का मामला है।

# ईश्वर ने जो भी दिया है, उसे ताकत बनाकर आगे बढ़ें : पटेल

## राज्यपाल ने आरूषि संस्था के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कर दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों से किया आत्मीय संवाद

भोपाल (काप्र)।

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज दिव्यांग बच्चों की पुनर्वास संस्था आरूषि के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। श्री पटेल ने राजभवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद किया।**

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में यदि कोई शारीरिक कमी है, तो उन्हें ईश्वर ने दिव्य शक्ति भी जरूर दी है। आवश्यकता है उसे पहचान कर, अपनी ताकत बनायें और





जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने इसके लिये जन जागृति की जरूरत बताई। इस दिशा में कैलेंडर को सार्थक पहल बताया। श्री पटेल ने दिव्यांग बच्चों को चित्रकूट के जगद्गुरु दृष्टिबाधित दिव्यांग रामभद्राचार्य का उदाहरण देकर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य दृष्टिबाधित होने के बावजूद 22 भाषाओं के जानकार हैं। उनकी ज्ञानार्जन की इच्छा, जीवन के प्रति उमंग और उत्साह, हम सबके लिए प्रेरणादायी है। राज्यपाल ने दिव्यांग ओनेश द्वारा सुनाई गई कविता मैं देख नहीं सकता पर महसूस कर सकता हूँ.... की सराहना की। दिव्यांग स्नेहा ने राज्यपाल को संस्था से जुड़े अपने अनुभव सुनाए। श्री पटेल ने आरूषि संस्था के दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास प्रयासों की सराहना की। उन्होंने संस्था के स्टॉफ और सभी बच्चों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाये।